पोषण पखवाड़ा (8 अप्रैल से 23 अप्रैल, 2025)

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर

शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर द्वारा पोषण पखवाड़ा (8 अप्रैल से 23 अप्रैल, 2025) के तहत 21 अप्रैल, 2025 को एक व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. जितेन्द्र राजपुरोहित, चिकित्सक, आफरी डिस्पेंसरी, जोधपुर थे। उन्होंने निर्धारित थीम "Healthy lifestyle to address the obesity in Children" के अंतर्गत "Increase public awareness about obesity" विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक, डॉ. तरुण कान्त ने अपने स्वागत भाषण में पौष्टिक आहार को स्वस्थ जीवन का आधार बताया। मुख्य अतिथि ने अपने व्याख्यान में कहा कि प्राचीन भोजन व्यवस्था स्वास्थ्य के लिए बेहतर थी, जबकि भौतिक युग में शारीरिक श्रम की कमी और जंक फूड के सेवन से अनेक बीमारियाँ हो रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भोजन में कार्बोहाइड्रेट्स, प्रोटीन्स, वसा, और खनिजों वाले खाद्य पदार्थों का दैनिक रूप से उचित उपयोग करके मोटापे से बचा जा सकता है। चर्चा एवं विचार विमर्श के दौरान डॉ. राजपुरोहित ने महिला कर्मचारियों द्वारा विषय से संबंधित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। इस व्याख्यान में प्रभागाध्यक्ष, विस्तार, श्री रमेश बिश्नोई एवं संस्थान की समस्त महिला कार्मिक उपस्थित रहीं।

पोषण पखवाड़ा
8 से 23 अप्रैल, 2025
व्याख्यान : 21 अप्रैल, 2025
Increased Public Awareness about Obesity
डॉ. जितेन्द्र राजपुरोहित
भा.वा.अ.शि.प.-शुष्क वन अनुसंधान संस्थान
जोधपुर